| |
|---|
| दिनांक 01.07.2021 |
| प्रेस विज्ञप्ति 01/2021 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद वाराणसी/थाना फूलपुर

- **50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 04 लाख 50 हजार रूपये नगद**
- **आधार कार्ड, एटीएम कार्ड**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर 02 जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 30.06.2021 को थाना फूलपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त धीरेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 04 लाख 50 हजार रूपये नगद, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, 01 अवैध तमंचा 315 बोर 02 जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 188/2021 धारा 364/302 भादवि में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना फूलपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–धीरेन्द्र निवासी सुरहुरपुर थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर।

**बरामदगी**

1–लूट के 04 लाख 50 हजार रूपये नगद।

2–आधार कार्ड, एटीएम कार्ड।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर 02 जीवित कारतूस।

## जनपद बाराबंकी/थाना जैदपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 30.06.2021 को थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मेहन्दीपुर के पास टिकरा रोड पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग में हे0का0 सौरभ सिंह घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त जियाउल्ला घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायलो को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, सीएस एक्ट आदि के 10 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सफदरगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 151/2021 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना जैदपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—जियाउल्ला निवासी टेरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल।

**जनपद सीतापुर/थाना महमूदाबाद**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर**

दिनांक 30.06.2021 को थाना महमूदाबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नहर कालोनी के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त रंजीत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद सीतापुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना महमूदाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 124/2021 धारा 307/504/506 भादवि व मु0अ0सं0 205/2021 धारा 307/323/504 भादवि में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना महमूदाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रंजीत निवासी शादीपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर।

## जनपद सम्भल/थाना असमोली

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 जीवित 01 खोखा कारतूस**
- **01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 30.06.2021 को थाना असमोली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गम्मनपुरा जाने वाले रास्ते के पास चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहन सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग में आरक्षी प्राशु घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त तवारक घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। तीन अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 जीवित 01 खोखा कारतूस, 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए। घायलो को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद अमरोहा, जनपद सम्भल के विभिन्न थानो में लूट, एनडीपीएस एक्ट, सीएस एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना असमोली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 187/2021 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना असमोली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तार अभियुक्त

1—तवारक निवासी नहरौली थाना असमोली जनपद सम्भल।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 जीवित 01 खोखा कारतूस।

2—01 चार पहिया वाहन आदि।

## जनपद आजमगढ़/थाना पवई

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 05 खोखा कारतूस विभिन्न बोर**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 01.07.2021 को थाना पवई व थाना बिलरियागंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पहाडपुर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो मोटर साइकिल सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त नदीम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 05 खोखा कारतूस विभिन्न बोर, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना बिलरियागंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 99/2020 व मु0अ0सं0 106/2020 एवं थाना मुबारकपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 26/2020 धारा 379/411 भादवि व 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना पवई पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नदीम निवासी देवापार थाना जीयतपुर जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर, 05 खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

2–01 मोटर साइकिल।

**जनपद आजमगढ़/थाना मेंहनगर**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जीवित 03 खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 01.07.2021 को थाना मेंहनगर व थाना बरदह की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खरीहानी मार्ग के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त राजन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जीवित 03 खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त दिनांक 27.06.2021 को थाना बरदह क्षेत्रान्तर्गत हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मेंहनगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–राजन निवासी सादीपुर थाना बरदह जनपद आजमगढ़।

**<u>बरामदगी</u>**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जीवित 03 खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल।

## <u>जनपद अयोध्या/थाना खण्डासा</u>

- **15–15 हजार रूपये के 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 01.07.2021 को थाना खण्डासा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पिठाला से हलियापुर रोड़ प्रताप ढाबा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–मोहम्मद ऐनुल अंसारी 2–चाँद मोहम्मद उर्फ बादशाह 3–तौफीक को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार तीनो अभियुक्त थाना खण्डासा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 502/2020 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम में वांछित चले रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15–15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना खण्डासा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–मोहम्मद ऐनुल अंसारी निवासी सैदपुर थाना मवई जनपद अयोध्या।

2–चाँद मोहम्मद उर्फ बादशाह निवासी इटौजा थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या।

3–तौफीक निवासी भखौली थाना खण्डासा जनपद अयोध्या।

## <u>जनपद बिजनौर/थाना नजीबाबाद</u>

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 01.07.2021 को थाना नजीबाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मालन नदी तिराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त आमिर को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बिजनौर के विभिन्न थानो में चोरी व गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना नजीबाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 315/2021 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना नजीबाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आमिर निवासी मो0 मेमरान कस्बा साहनपुर थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर।

## जनपद बस्ती/थाना लालगंज

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 58 हजार 500 रूपये नगद**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **02 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 04 जीवित 02 खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 01.07.2021 को थाना लालगंज व एंटी नारकोटीक्स की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भवानीपुर नरौली मार्ग पर पाकड़ डाड़ तिराहे के पास से मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग में एंटी नारकोटीक्स टीम के आरक्षी रमेश कुमार गुप्ता घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा

की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–चन्दन 2–दीपक उर्फ रामू उर्फ प्रदीप घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट के 58 हजार 500 रूपये नगद, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 02 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 04 जीवित 02 खोखा कारतूस बरामद हुए। घायलो को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 20.06.2021 को थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना लालगंज पर मु0अ0सं0 114/2021 धारा 392/397 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना लालगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–चन्दन निवासी गोनार थाना लालगंज जनपद बस्ती।

2–दीपक उर्फ रामू उर्फ प्रदीप निवासी लकड़ा थाना लालगंज जनपद बस्ती।

**बरामदगी**

1–लूट के 58 हजार 500 रूपये नगद।

2–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

3–02 मोबाइल फोन।

4–02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 04 जीवित 02 खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–24

- **05 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 लग्जरी चार पहिया वाहन**
- **भारी मात्रा में गाड़ी चोरी करने के उपकरण, नम्बर प्लेट, चाभी आदि बरामद**

दिनांक 01.07.2021 को थाना सेक्टर–24, थाना सेक्टर–58 व एन्टी व्हीकल थैफ्ट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लॉजिक्स मॉल के पास से 05 शातिर वाहन चोर 1–गुलफाम उर्फ कटोरा 2–साजिद 3–मो0युसूफ 4–हारून 5–अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 लग्जरी चार पहिया वाहन, भारी मात्रा में गाड़ी चोरी करने के उपकरण, नम्बर प्लेट, चाभी आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, दिल्ली व हरियाणा प्रान्त के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के अभियुक्त गुलफाम के विरूद्ध 14 अभियोग, अभियुक्त साजिद के विरूद्ध 12 अभियोग, तथा अभियुक्त युसूफ, हारून व अमित कुमार के विरूद्ध 10–10 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त मेरठ व नोएडा एनसीआर से गाड़ियाँ चोरी कर गैर प्रान्तो में बेच देते है।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–24 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गुलफाम उर्फ कटोरा निवासी घोसीपुरा थाना खरखौदा जनपद मेरठ।
2–साजिद निवासी भमरा थाना गुलावटी जनपद बुलन्दशहर।
3–मो0युसूफ निवासी सैठा थाना गुलावटी जनपद बुलन्दशहर।
4–हारून निवासी सरना थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद।
5–अमित कुमार निवासी जलालपुर थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी की 10 लग्जरी चार पहिया वाहन।

2—भारी मात्रा में गाड़ी चोरी करने के उपकरण, नम्बर प्लेट, चाभी आदि।

## <u>जनपद शाहजहाँपुर/थाना गढ़िया रंगीन</u>

- **03 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) की 03 किलोग्राम फाइन क्वालिटी अफीम**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 02 जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 01.07.2021 को थाना गढ़िया रंगीन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रामपुर चौराहा के पास से 03 मादक पदार्थ तस्कर 1—रूम सिंह 2—वीरेन्द्र 3—विजय को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) की 03 किलोग्राम फाइन क्वालिटी अफीम, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 02 जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना गढ़िया रंगीन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—रूम सिंह निवासी हुसैनपुर थाना कुंवरगाँव जनपद बदायूँ।

2—वीरेन्द्र निवासी हरीनगला थाना कुंवरगाँव जनपद बदायूँ।

3—विजय निवासी सिलहरी थाना सिविल लाइन जनपद बदायूँ।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) की 03 किलोग्राम फाइन क्वालिटी अफीम।

2—02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 02 जीवित कारतूस आदि।

## जनपद गाजीपुर/थाना जमानिया

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 30.06.2021 को थाना जमानिया पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभईपुर मोड़ से 03 अभियुक्तों 1—धनन्जय उर्फ धनवा 2—लक्ष्मण 3—मोहन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 मोटर साइकिल आदि बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध जनपद गाजीपुर के विभिन्न थानो में धोखाधड़ी, चोरी आदि के कई अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना जमानिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—धनन्जय उर्फ धनवा निवासी गोरवा मोहल्ला कस्बा जमानिया थाना जमानिया जनपद गाजीपुर।

2—लक्ष्मण निवासी राजपुर पोखरा थाना जमानिया जनपद गाजीपुर।

3—मोहन निवासी बुद्धीपुर थाना जमानिया जनपद गाजीपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी की 07 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद लखीमपुर खीरी/थाना कोतवाली सदर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 01.07.2021 को थाना कोतवाली सदर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मनोरंजन पार्क निघासन रोड़ से अभियुक्त सलीम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सलीम निवासी शुक्ला वार्ड कस्बा व थाना धौरहरा जनपद खीरी।

**बरामदगी**

1—चोरी की 07 मोटर साइकिल।

**एसटीएफः विगत 04 वर्षो से फरार जनपद बस्ती से रू0 50,000/— के पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त संत लोक आश्रम रेलेजिक ट्रस्ट सेमरा, लालगंज जनपद बस्ती के महंत बाबा सच्चिदानन्द उर्फ दयानंद उर्फ परमानन्द को एसटीएफ उ0प्र0 ने किया गिरफ्तार।**

दिनांकः 30—06—2021 को एस0टी0एफ0, उ0प्र0 को थाना कोतवाली नगर, जनपद बस्ती पर पंजीकृत मु0अ0सं0 7347/17, धारा 376डी, 323, 506 भादवि एवं मु0अ0सं0 3756/17, धारा 376, 342, 120बी, 323 व 34 भादवि में वर्ष—2017 से फरार चल रहे रू0 50,000/— के पुरस्कार घोषित सच्चिदानन्द उर्फ दयानन्द उर्फ परमानन्द को जनपद अमरोहा के थाना बृजघाट क्षेत्रान्तर्गत दिल्ली—मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृजघाट से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः—**

सच्चिदानन्द उर्फ दयानंद उर्फ परमानन्द पुत्र सोमेशाह, निवासी जगतारा, थाना—डुमरी कजला, जनपद—गिरिडीह (झारखण्ड)।

**बरामदगी :—**

1— 01 अदद आधार कार्ड।

2— रू0 320/— नगद।

**गिरफ्तारी का दिनांक एवं स्थान/समयः—**

दिनांक 30—06—2021 को समय 17:10 बजे थाना बृजघाट जनपद अमरोहा अंतर्गत दिल्ली—मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृजघाट से।

विगत काफी दिनों से वॉछित पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी। जिसके सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इस सम्बन्ध मे श्री विशाल विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0, लखनऊ के पर्यवेक्षण मे उ0नि0 श्री मनोज सिंह, एस0टी0एफ0, मुख्यालय लखनऊ के नेतृत्व मे एक टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली जनपद बस्ती के दो मुकदमों में वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्त संत लोक आश्रम रेलेजिक ट्रस्ट सेमरा, लालगंज जनपद बस्ती के महंत बाबा सच्चिदानन्द उर्फ दयानंद उर्फ परमानन्द दिल्ली से अपने अमरोहा स्थित द्वैतय महिला सन्त आश्रम में शरण लेने के लिए आने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा घेराबन्दी कर थाना—बृजघाट, जनपद अमरोहा अंतर्गत दिल्ली—मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृजघाट से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह सन्त लोक आश्रम, रेलेनिक ट्रस्ट सेमरा, लालगंज का महंत है तथा उ0प्र0 के कई जिलों एवं अन्य राज्यो में उसके कई आश्रम है। वह 2017 से कोतवाली नगर बस्ती के 02 बलात्कार के मुकदमो में लगभग 04 वर्षों से वांछित चल रहा है व गिरफ्तारी से बचने के लिए कई राज्यों में स्थान बदल बदल कर रह रहा था तथा उसके विरूद्ध थाना कोतवाली नगर, जनपद बस्ती पर वर्ष—2002 में मु0अ0सं0 818/2002 धारा 452, 354, 504, 506 भादवि व मु0अ0सं0 819/2002 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व मु0अ0सं0 95/18 धारा 364, 120बी भादवि थाना लालगंज, जनपद बस्ती पर पंजीकृत है।

**गिरफ्तार अभियुक्त सच्चिदानन्द उर्फ दयानंद उर्फ परमानन्द का अपराधिक इतिहासः-**

| **क्र०सं०** | **मु०अ०सं०** | **धारा** | **थाना** | **जनपद** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 818/2002 | 452, 354, 504, 506 भादवि | कोतवाली नगर | बस्ती |
| 2 | 819/2002 | 8/20 एनडीपीएस एक्ट | कोतवाली नगर | बस्ती |
| 3 | 95/2018 | 364, 120बी भादवि | लालगंज | बस्ती |
| **4** | **7347/2017** | **376डी, 323, 506 भादवि** | **कोतवाली नगर** | **बस्ती** |
| **5** | **3756/2017** | **376, 342, 120बी, 323 व 34 भादवि** | **कोतवाली नगर** | **बस्ती** |

गिरफ्तार अभियुक्त को थाना कोतवाली नगर, जनपद बस्ती पर पंजीकृत मु0अ0सं0 7347/17, धारा 376डी, 323, 506 भादवि एवं मु0अ0सं0 3756/17, धारा 376, 342, 120बी, 323 व 34 भादवि के अभियोग मे दाखिल किया गया, अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना कोतवाली जनपद बस्ती द्वारा की जा रही है।

—————————